पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ बिलासपुर

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

दूरभाषः (07752) 240702, 240712, 240752

www.pssou.ac.in, E-mail – registrar@pssou.ac.in

क्र. 814 / अका. / पी.एच.डी. / 2025 बिलासपुर, दिनांक 16 / 07 / 2025

/ / अधिसूचना / /

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक एफ 1 130 / 2025 (VIP/PS) दिनांक 03 / 11 / 2016 द्वारा पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर को रेगुलर मोड में पी–एच.डी. पाठ्क्रम के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित अध्यादेश क्रमांक 01, Part-B. (Doctor of Philosophy) के अनुसार हिन्दी (कुल 01 सीट), प्रबंधन (कुल 04 सीट (2+2*)), शिक्षा (कुल 09 सीट), वाणिज्य (कुल 04 सीट), एवं कम्प्यूटर विज्ञान (कुल 04 सीट), कुल 22 (20+2*) सीटों के लिए उपरोक्त विषयों के पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

ऐसे पात्र अभ्यर्थी जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रेगुलेशन 2022 (UGC Minimum Standards and Procedure for Award of Ph.D. Degrees Regulation 2022) के अनुसार पी–एच.डी. पाठ्यक्रम हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता रखते हैं, निर्धारित शुल्क अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू. 1000 / – तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांग वर्ग हेतु रू. 500 / – चालान (बैंक आफ बडौदा / छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक) के माध्यम से जमा कर सकते है। सूचना विवरणिका, आवेदन–पत्र तथा चालान प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.pssou.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पश्चात् भरे हुए आवेदन की प्रति, चालान की कार्यालय प्रति एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति सहित **कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, कोनी–बिरकोना मार्ग, बिरकोना बिलासपुर (छ.ग.) पिन 495009** के पते पर पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्रेषित करेंगें। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् आवेदन मान्य नही किए जाएंगे।

नोट :–

- पी–एच.डी.. शोध निर्देशक के अंतर्गत सीटों की संख्या में परिवर्तन संभव है।
- रिक्त सीटों में (*) अंतरिम (Interim) सीट के लिए प्रयुक्त किया गया है।

- ❖ पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र (Hard Copy) जमा करने की अंतिम तिथि **10 August 2025.**
- ❖ प्रवेश प्रक्रिया संबंधित जानकारी पृथक से वेबसाईट पर जारी की जाएगी।
- ❖ अधिसूचना संबंधित अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 9938973044 तथा 8839476193 पर संपर्क कर सकते है।

कुलसचिव

पृ.क्र. 815 / अका. / पी.एच.डी. / 2025 बिलासपुर, दिनांक 16 / 07 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ एवं आवश्यक तैयारी हेतु।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग को समस्त अध्ययन केन्द्रों के सूचनार्थ।
5. प्रभारी वेबसेल को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ कि अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करें।
6. मिडिया प्रभारी को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ कि इसे समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशन हेतु विज्ञप्ति प्रसारित करें।
7. निदेशक CIQA की ओर सूचनार्थ।
8. प्रभारी अकादमिक विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।
9. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव